*This Question Paper contains 8 printed pages.*
***(Sections - A, B, C & D)***

Sl.No.

# 02(H)

**(MARCH, 2023)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 43 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पत्रे पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।** [3]

1) 'स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन' पाठ साहित्य की किस विधा में लिखा गया है?

(A) रेखाचित्र

(B) निबंध

(C) संस्मरण

(D) उपन्यास

2) यतिन्द्र मिश्र जी ने भारत के किस शहर को संस्कृति की पाठशाला कहा है?

(A) काशी

(B) मथुरा

(C) दिल्ली

(D) मुम्बई

3) 'एक कहानी यह भी' शीर्षक पाठ के लेखक कौन है?

(A) यशपाल

(B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(C) मन्नू भंडारी

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** [2]

4) 'संस्कृति' पाठ के लेखक का पूरा नाम दीजिए।

5) 'नौबत खाने में इबादत' किस प्रसिद्ध कलाकार पर रोचक शैली में लिखा गया व्यक्ति-चित्र है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** [6]

6) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

7) फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?

8) बाल गोविन भगत की पुत्रवधू उन्हे अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

अथवा

8) लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बात-चीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** [8]

9) फादर बुल्के भारतीय संस्कृति के एक अभिन्न अंग है, किस आधार पर ऐसा कहा जा सकता है?

10) 'स्त्रियों को पढ़ाने से अनर्थ होते है'. कुतर्क वादियों की इस दलील का खंडन द्विवेदी जी ने कैसे किया है, अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

10) बिस्मिला खाँ के जीवन से जुड़ी उन घटनाओं और व्यक्तियों का उल्लेख करें जिन्होने उनकी संगीत साधना को समृद्ध किया।

■ **निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** [6]

11) मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे संस्कृति कहे या असंस्कृति?

12) "बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी-जवानी और जिन्दगी सब कुछ होम कर देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके को ढूँढती है"

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प में से चुनकर दीजिए।** [3]

13) बालक बसंत का बिछौना किससे बना बताया गया है?

(A) कांटो से

(B) फूलों से

(C) नये पत्तों से

(D) पंखो से

14) 'सुनि सरोज भृगुवंशमणि बोले गिरा गंभीर' पंक्ति में 'भृगुवंशमणि' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(A) जनक

(B) परशुराम

(C) राम

(D) लक्ष्मण

15) यह दंतुरित मुस्कान काव्य के रचयिता कौन है?

(A) गिरिजाकुमार माथुर

(B) नागार्जुन

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) देव

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए।** [2]

16) गोपियों को समझाने हेतु श्री कृष्ण ने किसे भेजा था?

17) उत्साह काव्य के रचनाकार कौन है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए।** [6]

18) 'छायामत छूना' काव्य में कवि ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है?

19) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

20) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** **[8]**

21) आपके विचार से माँ ने ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखाई देना?

22) किसी भी क्षेत्र में प्रसिद्धि पाने वाले लोगों को अनेक लोग तरह–तरह से अपना योगदान देते हैं। कोई एक उदाहरण देकर इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

अथवा

22) कविता में फसल उपजाने के लिए आवश्यक तत्वों की बात कही गई है वे आवश्यक तत्व कौन–कौन से हैं? https://www.gujaratboardonline.com

■ **निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **[6]**

23) मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं,

स्वप्न देखकर जाग गया।

आलिंगन में आते–आते,

मुसक्या कर जो भाग गया।।

24) प्रभुता का शरण–बिम्ब केवल मृग तृष्णा है,

हर चँद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।

## विभाग - C

**निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।** [2]

25) वसुन्धरा

26) उषा अथवा अनिल

**निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम दीजिए ।** [2]

27) महामानव

28) सप्तर्षि या पद्दलित

**निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द दीजिए।** [2]

29) बिना पलक झपकाए लगातार देखना

30) जिस पर किसी का दबाव न हो, मनमानी करने वाला

**निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए।** [2]

31) निर्मला ही दूध लेने जायेगी।

32) सुरेखा भी आचार्य बनना चाहती है।

**निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पद ढूँढकर लिखिए।** [2]

33) माँ ने बेटी को समझाया।

34) बेटे ने संगीत में अपनी रुचि नहीं दिखाई।

**निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए।** [1]

35) ऊँची दुकान फीके पकवान

अथवा

35) अब पछिताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत

**निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** [4]

36) आग लगाना

37) नौ–दो ग्यारह होना

## विभाग - D

38) शांति निकेतन स्कूल, बोरीवली, मुम्बई–50 के मैनेजर (व्यस्थापक) को लिपिक पद हेतु आवेदन पत्र लिखिए। [3]

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** [4]

यह बात उस समय की है जब इंग्लैंड की रानी एलिजाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान पधारने वाली थी। अखबारों में उनकी चर्चा हो रही थी। रोज लंदन के अखबारों से खबरें आ रही थी कि शाही दौरे के लिए कैसी–कैसी तैयारियाँ हो रही हैं। रानी एलिजाबेथ का दरजी परेशान था कि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी कब क्या पहेनेंगी? उनका सेक्रेटरी और शायद जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तुफानी दौरा करने वाला था। आखिर कोई मजाक तो था नहीं।

**प्रश्न :**

39) हिन्दुस्तान कौन पधारने वाली थीं?

40) रानी एलिजाबेथ का दर्जी क्यों परेशान था?

41) रानी से पहले कौन–कौन दौरा करने वाले थे?

42) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

■ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए । [8]

43) वैश्विक ताप वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग)

अथवा

43) विश्वस्तर पर भारत की पहचान

अथवा

43) प्रदूषण की समस्या और समाधान

अथवा

43) यात्रा प्रवास का वर्णन

❄ ❄ ❄